विश्वविद्यालय में प्रथम चरण के प्रवेश काउंसलिंग में 572 प्रवेशार्थियों ने लिया विविध विषयों में प्रवेश

दिनांक 07 जून 2024 को शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठत संस्थान महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में प्रवेश के लिए प्रवेशार्थी जोश और उमंग से भरे हुए हैं। प्रवेश समिति के समन्यवक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण के तीसरे दिन 570 प्रतिभागियों ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी कर अपनी सीट सुरक्षित कर लिया है। सत्र 2024 - 25 में विविध विषयों में प्रथम चरण की काउन्सलिंग 05 जून से निरंतर 07 जून तक प्रवेश समिति की देखरेख में सकुशल संपन्न हुई। प्रथम चरण की प्रवेश सूची में 1100 प्रवेशार्थियों की सूची वेबसाइट पर जारी किया गया। जिसमे 570 प्रवेशार्थीयो ने प्रवेश प्रकिया को पूर्ण कर लिया है।

प्रवेश समन्यव्यक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने प्रवेशार्थियों की जिज्ञासा को शांत करते हुए कहा कि प्रवेश प्रकिया में शत प्रतिशत पारदर्शिता, नियमावली के आधार पर शैक्षणिक प्रमाण पत्रों और अन्य सभी दस्तावेज का निरीक्षण विषय विशेषज्ञो की देख रेख में पूर्ण सावधानी के साथ प्रवेश की प्रकिया पूर्ण किया जा रहा है। जिन अभ्यर्थियों का नाम प्रथम सूची में नहीं है वे निराश न हो, द्वितीय प्रवेश सूची 10 जून तक विश्वविद्यालय वेबसाइट (https://mgug.ac.in/) पर जारी की जाएगी। द्वितीय सूची के प्रवेशार्थी सतर्क रहे प्रवीणता सूची में नाम होने पर निर्धारित समय तक अपनी काउंसलिंग करा के अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं सभी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। किसी भी अन्य जानकारी के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

डॉ .सुनील सिंह ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में विविध विषयों मे प्रवेश परीक्षा में 8500 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुए थे। सभी चयनित अर्ह अभ्यर्थीयो की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। सभी अर्ह अभ्यर्थी अपना प्रवेश शुल्क जमा कर काउंसलिंग की प्रक्रिया को पूर्ण कर रहे है।

काउंसलिंग में बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, जी.एन. एम, बीएससी हानर्स, बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी हानर्स एग्रीकल्चर, डी. फार्मा, बी. फार्मा एलोपैथी, ए.एन.एम., डिप्लोमा इन लैब तकनीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर तकनीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर तकनीशियन, डायलीसिस तकनीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर तकनीशियन, और बी.बी.ए हॉनर्स लॉजिस्टिक्स में अहर्य प्रवेशार्थी प्रवेश ले रहे हैं। चयनित अर्ह प्रवेशार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रवेश समिति के साथ प्रवेश स्थल का निरीक्षण कर प्रवेश समिति को शुभकामनाएं दिया।

acer


acer